**उदाहरण 1 –**

**सुरेश** भाषण प्रतियोगिता में प्रथम आया था। इसलिए वह दौड़ता हुआ **स्कूल** से **घर** पहुँचा, इस बात को आपने **माता-पिता** को बताते हुए वह बहुत **खुश** लग रहा था। यह बात सुन कर **सुरेश** के **माता-पिता** बहुत **आनंदित** हुए और उन्होंने उसे गले लगा लिया।

**इन पंक्तियों में** –

सुरेश, माता-पिता (व्यक्ति)

स्कूल, घर (स्थान)

खुश, आनंदित (भाव)

आदि संज्ञा प्रयुक्त हुई है।

**उदाहरण 2 –**

**भारत** एक लोकतांत्रिक देश है। **नरेंद्र मोदी** भारत के प्रधानमंत्री हैं। **हॉकी भारत** का राष्ट्रीय खेल है। **गंगा भारत** की एक पवित्र नदी है। **कुरान मुसलमनों** का पवित्र **ग्रन्थ** है। त्योहारों से हर **घर** में **ख़ुशी** आती है। आज **दीपक** बहुत **खुश** है। **दीपक** हर सुबह **एक गिलास दूध** और **चार अंडे** खाता है।

इन वाक्यों में चिह्नित शब्द किसी न किसी तरह से संज्ञा से सम्बंधित हैं-

**भारत - देश का नाम**

नरेंद्र मोदी - व्यक्ति का नाम

हॉकी - खेल का नाम

गंगा - नदी का नाम

**कुरान - ग्रन्थ का नाम**

मुसलमनों - विशेष समुदाय का नाम

ग्रन्थ - किसी किताब की विशेष श्रेणी का नाम

ख़ुशी - एक प्रकार का भाव

गिलास - वस्तु का नाम

दूध, अंडे - खाद्य पदार्थ का नाम

**1- व्यक्तिवाचक संज्ञा**

जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, विशेष स्थान और विशेष वस्तु के नाम का बोध होता है, वह शब्द व्यक्तिवाचक संज्ञा कहलाता है। साधारण शब्दों में, कोई भी ऐसा व्यक्ति, स्थान या वस्तु जो विशेष महत्त्व रखता हो, वह व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द के अंतर्गत आता है।

**जैसे** -

**व्यक्ति** - भगत सिंह, महात्मा गाँधी, सचिन तेंदुलकर, मदर टेरेसा इत्यादि।

**स्थान** - दिल्ली, गोवा, मुंबई, जयपुर, शिमला इत्यादि।

**इमारत का नाम** - ताजमहल, लालकिला, हवा महल इत्यादि।

**व्यक्तिवाचक संज्ञा के उदाहरण** -

**राम** स्कूल जाता है।

**ताजमहल** सात अजूबों में से एक है।

**जवाहर लाल नेहरू** भारत के प्रथम प्रधानमंत्री थे।

**शिमला** एक पर्यटन स्थल है।

इन पंक्तियों में राम, ताजमहल, शिमला और जवाहर लाल नेहरू व्यक्तिवाचक संज्ञा शब्द हैं क्योंकि ये शब्द विशेष व्यक्ति, स्थान

**2- जातिवाचक संज्ञा**

जिस किसी एक शब्द से किसी सम्पूर्ण जाति का बोध हो वह शब्द जातिवाचक संज्ञा शब्द कहलाता है। साधारण शब्दों में ऐसा कोई एक शब्द जो किसी पूरी जाति को उसकी संपूर्ण श्रेणी और पुरे वर्ग को सम्बोधित करता है जातिवाचक संज्ञा शब्द कहा जाता है।

**जैसे** -

**वस्तु** - कार, मोबाइल, टीवी, पुस्तक इत्यादि।

**स्थान** - पहाड़, तालाब, गाँव, शहर इत्यादि।

**प्राणी** - पुरुष, स्त्री, गाय, शेर इत्यादि।

**जातिवाचक संज्ञा शब्द के उदाहरण** -

**गाय** एक बहुत ही उपयोगी पशु है।

आज की **स्त्री पुरुष** के साथ कंधे-से-कंधा मिला कर चल रही है।

**पहाड़** हमें हर स्थिति में अपनी जगह पर स्थिर व अटल रहने की प्रेरणा देते हैं।

इन पंक्तियों में गाय, स्त्री, पुरुष और पहाड़ जातिवाचक संज्ञा शब्द हैं। क्योंकि ये एक शब्द होते हुए भी अपनी सम्पूर्ण जाति का बोध करवा रहे हैं।

**3- भाव वाचक संज्ञा**

जो शब्द किसी व्यक्ति, वस्तु या स्थान के गुण, कर्म, दशा, अवस्था, भाव आदि का बोध कराएँ वह शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द कहलाते हैं। साधारण शब्दों में भाववाचक संज्ञा का संबंध हमारे भावों से होता है। ये अमूर्त अर्थात केवल अनुभव किए जाने वाले शब्द होते हैं। इनमें हमारी भावनाएँ प्रमुख होती हैं।

**जैसे** -

**भाव** - ख़ुशी, क्रोध, दुःख इत्यादि।

**दशा** - भूख, प्यास, गरीबी इत्यादि।

**अवस्था** - बुढ़ापा, जवानी, बचपन इत्यादि।

**गुण** - मिठास, सुंदरता, कोमलता, कठोरता इत्यादि।

**भाव वाचक संज्ञा के उदाहरण** -

राम के वियोग में सीता अत्यंत **दुःखी** थी।

ताजमहल की **सुंदरता** का वर्णन करना बहुत ही कठिन है।

आम के पक जाने पर वह **मिठास** से भर जाता है।

इन पंक्तियों में दुःखी, सुंदरता और मिठास शब्द भाववाचक संज्ञा शब्द के उदाहरण हैं। क्योंकि ये शब्द भावनाओं और गुण के बोधक शब्द हैं।

**4- समुदायवाचक या समूहवाचक संज्ञा**

जो शब्द किसी एक जाति के सम्पूर्ण समूह या समुदाय का बोध कराता है वह शब्द समुदायवाचक या समूहवाचक संज्ञा शब्द कहलाता है। साधारण शब्दों में किसी एक पुरे वर्ग को दर्शाने वाला शब्द समुदायवाचक या समूहवाचक संज्ञा शब्द कहा जाता है।

**जैसे** -

सेना, सभा, कक्षा, झुण्ड, लकड़ी का गठ्ठा, गेंहूँ का ढ़ेर इत्यादि।

**समुदायवाचक या समूहवाचक संज्ञा के उदाहरण** -

हमारी **सेना** सीमा पर शत्रुओं का हरदम डट कर सामना करती है।

**कक्षा** 10वीं के छात्र बहुत मेहनती हैं।

गाँव में पीपल के पेड़ के नीचे **सभा** का आयोजन किया गया है।

इन पंक्तियों में सेना, कक्षा और सभा समुदायवाचक या समूहवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं। क्योंकि ये शब्द अपने सम्पूर्ण वर्ग का बोध करवा रहे हैं।

**5- द्रव्यवाचक संज्ञा**

जो शब्द किसी पदार्थ, धातु या द्रव्य को दर्शाता है या उनका बोध कराता है वह शब्द द्रव्यवाचक संज्ञा शब्द कहलाता है।

**जैसे -**

तेल, पानी, दूध, घी, लोहा, सोना, तांबा इत्यादि।

**द्रव्यवाचक संज्ञा के उदाहरण -**

गाय का **दूध** अत्यंत पौष्टिक होता है।

**लोहे** से बने औजार बहुत मजबूत होते हैं।

**पानी** ही जीवन है।

इन पंक्तियों में दूध, लोहा और पानी द्रव्यवाचक संज्ञा के उदाहरण हैं